**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**


**क्रमांक– 64**
**दिनांक–31.07.2026**

---

# जनेकृविवि से अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव हुए सेवानिवृत्त

**जबलपुर 31 जुलाई, 2026।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव अपनी कई वर्षो की सेवाकाल पूर्ण कर शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। डॉ. श्रीवास्तव कृषि अभियांत्रिकी में शिक्षा, शोध और अनुसंधान की दिशा में उल्लेखनीय एवं अद्वितीय योगदान दिया है। आपकी इस गौरवशाली यात्रा में 20 वर्षो से विभागाध्यक्ष, 6 वर्षो से अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महविद्यालय, जबलपुर एवं अधिष्ठाता संकाय व विश्वविद्यालय विद्वत परिषद, प्रशासनिक परिषद के सदस्य के रूप में एक कुशल प्रकाशक के रूप अपनी सेवाएं प्रदान की है। आपकी सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन समरोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा,अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे,कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों द्वारा शाल श्रीफल, मोमेन्टों एवं गुलदस्ता देकर स्वागत सम्मान किया गया एवं उन्हें भविष्य के लिए शुभकानाएं प्रेषित की गई।

## डॉ. आरपी जयसवाल हुए सेवानिवृत्त–

कृषि महाविद्यालय,जबलपुर के उद्यान शास्त्र विभाग के प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी डॉ. राम प्रताप जयसवाल अपनी 41 वर्षो की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हुए। आपने मुरैना,सीधी और जबलपुर में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। आपकी सेवानिवृत्ति पर अधिष्ठाता कृषि उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, डीन डॉ. अल्पना सिंह सहित विभाग के प्रध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर एवं गुलदस्ता,मोमेन्टो देकर स्वागत सम्मान किया और आपकी दीर्घ आयु की ईश्वर प्रार्थना की।

## श्री राजेन्द्र प्रसाद रावत–

कृषि महाविद्यालय जबलपुर के छात्रावास से 49 वर्षो की सेवापूर्ण कर श्री राजेन्द्र प्रसाद रावत आज सेवानिवृत्त हुए। आपने छात्रावास में रहते हुए छात्रों की किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा तत्पर रहे हैं। आप अपनी सेवाकाल में बहुत ही ईमानदारी एवं लगन के साथ पूर्ण की। आपकी गौरवशाली सेवा पूर्ण करने पर विश्वविद्यालय परिवार आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।